बोल बम बोल बम बोले जा किस्मत अपनी खोले जा लिरिक्स

बोल बम बोल बम बोले जा,
किस्मत अपनी खोले जा,
ले कावड़ अपने हाथ में,
चल दर पे भोलेनाथ के,
बोंल बम बोंल बम बोलें जा,
किस्मत अपनी खोले जा।bd।

तर्ज – धीरे धीरे बोल कोई।

सावन की रुत आई मस्तानी,
रिमझिम रिमझिम बरस रहा पानी,
बाट तेरी मंदिर में देख रहा,
तेरा मालिक शिव औघड़दानी,
ना देर कर जल्दी से चल,
भक्तो को लेले साथ में,
चल दर पे भोले नाथ के,
बोंल बम बोंल बम बोलें जा,
किस्मत अपनी खोले जा।bd।

माना थोडा लम्बा रास्ता है,
तू क्यों उसकी चिंता करता है,
ध्यान तू धरले मन में भोले का,
पग पग तुझको वही संभालेगा,
कंकड़ मिले पत्थर मिले,
तो डरने की क्या बात है,
जब भोला अपने साथ है,
बोंल बम बोंल बम बोलें जा,
किस्मत अपनी खोले जा।bd।

कितना भोला अपना बाबा है,
भक्तो से ना मांगे ज्यादा है,
लोटे भर गंगा के पानी से,
खुश हो जाता औघड़दानी ये,
झोली भरे संकट हरे,
इसलिए सबको [illegible]

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

ये बाबा अपने साथ है,
बोंल बम बोंल बम बोलें जा,
किस्मत अपनी खोले जा।bd।

बोल बम बोल बम बोले जा,
किस्मत अपनी खोले जा,
ले कावड़ अपने हाथ में,
चल दर पे भोलेनाथ के,
बोंल बम बोंल बम बोलें जा,
किस्मत अपनी खोले जा।bd।

स्वर – सौरभ मधुकर।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com